**भारत सरकार**
**रक्षा मंत्रालय**
**आयुध निर्माणी बोर्ड**
**आयुध निर्माणी भर्ती केंद्र**

**ओ.एफ.आर.सी. अधिसूचना क्र. 1457** **दिनांक: 31.12.2019**

भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित, आयुध और आयुध उपस्कर निर्माणियों में 'अपरेंटिस एक्ट 1961' के तहत ट्रेड अपरेंटिस के 56 वें बैच (गैर-आई.टी.आई. और आई.टी.आई. उम्मीदवारों के लिए) के चयन के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं । **रिक्तियों की संख्या लगभग 6060 है जिसमें 3808 आई.टी.आई. और 2252 गैर-आई.टी.आई. की रिक्तियां शामिल हैं।**

**महत्वपूर्ण सूचना :**

ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने पहले से ही भारत सरकार के पोर्टल www.apprenticeship.gov.in के माध्यम से आवेदन किया हुआ है, उनको भी हमारी वेबसाइट www.ofb.gov.in के माध्यम से फिर से आवेदन करना अनिवार्य हैं:

**1. आवेदन का ऑन-लाइन पंजीकरण:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभ तिथि | 10/01/2020 |
| ऑन-लाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि: | 09/02/2020 समय 11:59 PM तक |

**आयु सीमा:** ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि को (09/02/2020) 15 वर्ष से 24 वर्ष । विभिन्न श्रेणियों के लिए आयु सीमा में छूट निम्नानुसार है ।

| **संख्या** | **वर्ग (Category)** | उच्चतम आयु सीमा के बाद आयु में छूट |
|---|---|---|
| क | अ.जा./अ.ज.जा. (SC/ST) | 05 (पाँच) वर्ष |
| ख | अन्य पिछडा वर्ग (OBC-NCL) | 03 (तीन) वर्ष |
| ग | शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए | अतिरिक्त 10 (दस) वर्ष |
| घ | आई. टी. आई. उम्मीदवारों के लिए | संबंधित श्रेणी (Category) की उच्चतम आयु सीमा में ITI प्रशिक्षण में संबंधित ट्रेड प्रशिक्षण की अवधि । |

## 2. अधिसूचना की तारीख 31/12/2019 को आवश्यक **शैक्षणिक योग्यताएं :**

| | | |
|---|---|---|
| a. | गैर-आई.टी.आई. श्रेणी के लिए ( For NON-ITI ) | न्युनतम 50% कुल प्राप्तांको के साथ तथा विज्ञान एवं गणित प्रत्येक विषयों में 40% प्राप्तांको के साथ माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / X Std) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण । |
| b. | आई.टी.आई. श्रेणी के लिए ( For ITI ) | NCVT या SCVT द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से संबंधीत ट्रेड परीक्षा उत्तीर्ण या कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय / श्रम और रोजगार मंत्रालय के गजट अधिसूचना के माध्यम से निर्दिष्ट कोई अन्य प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से तथा अपरेंटिस एक्ट 1961 में विनिर्दिष्ट अवधि की संबंधित ट्रेड परीक्षा न्युनतम 50% कुल प्राप्तांको के साथ उत्तीर्ण ।<br><br>उपरोक्त योग्यता के अतिरिक्त न्युनतम 50% कुल प्राप्तांको के साथ माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / X Std) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण । अपरेंटिस एक्ट 1961 (संशोधन यदि कोई है) के परीशिष्ट ।के अनुसार संबंधित ट्रेड पर कडाई से विचार किया जायेगा । प्रत्येक निर्माणी की प्रत्येक ट्रेड की मेरिट सुची अलग-अलग रहेगी । |

## 3. रिक्तियों का विवरण:

I. रिक्तियां इस विज्ञापन के परिशिष्ट - I में दी गई हैं । अधिसूचित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है।

II. उम्मीदवार केवल इस विज्ञापन के परिशिष्ट -1 में विनिर्दिष्ट आयुध निर्माणियों में से किसी एक के लिए ही आवेदन कर सकते है जहां से आवेदक ट्रेड अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण लेना चाहता है ।

III. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे हमारी वेबसाईट लिंक http://ofb.gov.in.>OUR UNIT>under Factories पर जाकर आयुध निर्माणियो के स्थान, उत्पादों, उस स्थान पर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में यथायोग्य जानकारी प्राप्त कर सकते है ।

IV. आई. टी. आई. उत्तीर्ण उम्मीदवारो के लिए आयुध निर्माणीयों के अनुसार रिक्तियों की जानकारी इस विज्ञापन के परिशिष्ट-I में उपलब्ध कराई गई है । आई. टी. आई. उत्तीर्ण उम्मीदवार केवल एक ही ट्रेड के लिए आवेदन कर सकते हैं । हालांकि, गैर - आई. टी. आई. उम्मीदवारों के लिए उस आयुध निर्माणी में उपलब्ध ट्रेडों की रिक्तियों के अनुसार उम्मीदवारों की योग्यता सह पसंद (Merit cum choice) के आधार पर ट्रेड आवंटित किया जाएगा ।

V. दिव्यांग उम्मीदवार भी अपनी पात्रता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं । उनका चयन अपरेंटिस एक्ट 1961 एवं अपरेंटिस नियम 1992 (संशोधन यदि कोई है) में विनिर्दीष्ट प्रावधानो के अनुसार उनके विकलांगता के अनुरूप ट्रेडो की रिक्तियों के लिए किया जाएगा ।

VI. प्रशिक्षण के लिए आरक्षित अ.जा./ अ.ज.जा. (SC/ST) के लिए निर्धारित संख्या में यदि उम्मीदवार उपलब्ध नहीं हुए उस स्थिति में अ.जा. के लिए आरक्षित रिक्तियां अ.ज.जा. से भरी जा सकती है या इसका विपरीत भी किया जा सकता है, इसके उपरांत भी यदि कोई रिक्तियां नहीं भरी गई उस स्थिति में अ.जा./ अ.ज.जा. के अलावा दूसरी श्रेणियों से भरी जाएगी, उसी प्रकार अ.पि.व. के लिए आरक्षित रिक्तियों के लिए निर्धारित संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने पर उनके लिए आरक्षित रिक्तियां अन्य श्रेणियों से भरी जाएगी ।

**4. आवेदन कैसे करें:**

A. उम्मीदवार को हमारी वेबसाइट www.ofb.gov.in के माध्यम से ही 'ऑनलाइन' आवेदन करना अनिवार्य है, अन्य दूसरे माध्यम से किए गए आवेदन पर बिल्कुल विचार नहीं किया जाएगा । **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पहले विज्ञापन में दिए गए निर्देशों को अच्छी तरह से पढ़कर समझ ले ।**

B. उम्मीदवारों को अपने व्यक्तिगत विवरण को सावधानीपूर्वक भरना आवश्यक है । उम्मीदवार यह सुनिश्चित करे कि आनलाईन आवेदन में उम्मीदवार का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि वही लिखी है जैसा कि मैट्रिकुलेशन या समकक्ष परीक्षा प्रमाण पत्र में दर्ज है । दस्तावेज़ो के सत्यापन के दौरान पाई जाने वाली किसी भी प्रकार की विसंगति उम्मीदवारी रद्द होने का कारण बनेगी एवं चयन प्रक्रिया से उम्मीदवार को बाहर किया जाएगा ।

C. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन में अपने सक्रिय मोबाइल नंबर और वैध ई-मेल आई. डी. को अंकित करें और उन्हें पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान सक्रिय रखें क्योंकि सभी महत्वपूर्ण संदेश ई-मेल / एस. एम. एस. द्वारा भेजे जाएंगे और यह समझा जायेगा कि, उम्मीदवारो ने उन्हे पढकर समझ लिया है ।

D. आनलाईन आवेदन करते समय, आवेदक निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने के लिए अपने पास तैयार रखे और उचित स्थान पर अपलोड करे :-

i. हाल ही में (तीन महीने के भीतर) खीचवाया हुआ 3.5 सेमी x 3.5 सेमी आकार का स्पष्ट रंगीन फोटोग्राफ की सॉफ्ट कॉपी जो जेपीजी / जेपीईजी प्रारूप, 100 DPI, फ़ाइल का आकार 20kb से 70kb के बीच ) ।

ii. उम्मीदवार के सफेद कागज पर काले या नीले स्याही से स्पष्ट स्कैन किए गए हस्ताक्षर, (आकार : 3.5 सेमी x 3.5 सेमी, जेपीजी / जेपीईजी प्रारूप, 100 DPI, फ़ाइल का आकार 20kb - 30kb के बीच) ।

iii. सफेद कागज पर नीले स्याही से किए हुए उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगुठे के स्कैन किए गए स्पष्ट निशान (आकार : 3.5 सेमी x 3.5 सेमी, JPG / JPEG/BMP प्रारूप, 100 DPI, फ़ाइल का आकार 20kb - 30kb के बीच)।

iv. 12 अंकों का आधार कार्ड संख्या । जिन उम्मीदवारों के पास आधार संख्या नहीं है और उन्होंने आधार के लिए आवेदन किया है, परंतु उन्हे आधार कार्ड प्राप्त नही हुआ है, वे आधार नामांकन पर्ची पर मुद्रित पहले 14 अंकों को अंकित कर सकते है ।

v. निम्नलिखित मूल दस्तावेजों की स्कैन की गई स्पष्ट प्रति, PDF. या JPG/JPEG प्रारूप में (आकार: 100kb से 200kb):

(a) आधार की अनुपस्थिति में पहचान पत्र की स्कैन की गई कॉपी

(b) एस.एस.सी. / माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / Xth Std) या इसके समकक्ष की मार्कशीट

(c) जन्मतिथि को प्रमाणित करता हुआ प्रमाण पत्र (एस.एस.सी. / माध्यमिक परिक्षा Matriculation / Xth Std इसके समकक्ष प्रमाण पत्र या मार्कशीट, जिसमें जन्मतिथि या स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र हो, जो जन्म तिथि दर्शाता हो)

(d) आवेदित ट्रेड की आई.टी.आई. पास की हुई सभी सेमेस्टर के अंको को दर्शाती हुई समेकित मार्कशीट / सभी सेमेस्टर के अंको को दर्शाता हुआ अनंतिम/अंतिम राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र।

(e) आई.टी.आई. पास उम्मीदवारो के लिए NCVT का राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र या NCVT / SCVT द्वारा जारी किया गया अनंतिम राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र ।

(f) एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र, जहां भी लागू हो।

ओ.बी.सी. गैर-क्रीमी लेयर उम्मीदवारो के लिए पिछले तीन वर्षों में जारी किया गया गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र ।

(g) विकलांग उम्मीदवारो के लिए सक्षम मेडिकल बोर्ड / प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र ।

E. अस्पष्ट/असुपाठ्य दस्तावेज स्वीकार नहीं किए जाएंगे । अस्पष्ट/असुपाठ्य दस्तावेज वाले आवेदन दस्तावेजों के सत्यापन के समय खारिज कर दिए जाएंगे । यदि अपलोड किए गए दस्तावेज़ असंबंधित/अप्रासंगिक हैं या सुपाठ्य नहीं हैं, तो उम्मीदवार की उम्मीदवारी को सरासरी तौर पर खारिज कर दिया जा सकता है।

F. आनलाईन आवेदन करते समय उम्मीदवार वेबसाइट पर उपलब्ध इस विज्ञापन में विनिर्दिष्ट निर्देशों का कडाई से अनुपालन करे ।

G. उम्मीदवारों को आवेदन पत्र / किसी भी दस्तावेज की हार्ड कॉपी संबंधित निर्माणी / इकाई / ओ.एफ.आर.सी. को भेजने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए उम्मीदवारों को आनलाईन आवेदन पत्र का प्रिंट लेने की आवश्यकता नहीं है । इससे कागज और पर्यावरण को बचाने में मदद मिलेगी । हालांकि, आनलाईन आवेदन जमा होने के पश्चात आवेदन के पीडीएफ प्रारूप की सॉफ्ट कॉपी उम्मीदवार के पंजीकृत ई-मेल आई. डी. पर ई-मेल की जाएगी ।

H. सफलतापूर्वक आनलाईन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को, ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की सुचना वेबसाइट पर ही स्वत: प्राप्त हो जायेगी और/या एस.एम.एस. अलर्ट/ ई-मेल के माध्यम से भी उम्मीदवार को सूचना प्राप्त होगी । आनलाईन आवेदन की अंतिम प्रस्तुति (Final Submission) के पश्चात आवेदन पत्र में भरे गए किसी भी डेटा को किसी भी परिस्थिति में बदलने की अनुमति नहीं है तथा डेटा में किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध ओ.एफ.आर.सी. / निर्माणियों द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

I. एक उम्मीदवार से केवल एक ही आवेदन स्वीकार किया जाएगा । नाम / पिता का नाम / समुदाय / फोटो (चेहरा) / शैक्षिक और / या तकनीकी योग्यता आदि जैसे अलग-अलग विवरणों के साथ एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रयास करने वाले उम्मीदवारों के ऐसे सभी आवेदनो को सरसरी तौर से अस्वीकृत किया जाएगा ।

J. उम्मीदवार के पास आधार कार्ड होना चाहिए । पंजीकरण के समय, उम्मीदवार को 12 अंकों का आधार कार्ड संख्या भरना होगा । जिन आवेदको के पास आधार संख्या नहीं है और उन्होंने आधार के लिए नामांकन किया है, लेकिन आधार कार्ड प्राप्त नही हुआ है, वे आधार नामांकन पर्ची पर मुद्रित पहले 14 अंकों की नामांकन आई. डी. दर्ज कर सकते हैं । यह प्रावधान जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और मेघालय और असम राज्य को छोड़कर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उम्मीदवारों पर लागू होता है।
जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और मेघालय और असम राज्यों के उम्मीदवार या जिनके पास आधार कार्ड या आधार नामांकन आई. डी. नहीं है, वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में निम्नलिखित में से किसी भी दस्तावेज का आईडी कार्ड नंबर दर्ज कर सकते हैं:

I. मतदार पहचान पत्र
II. पासपोर्ट
III. पैनकार्ड

IV. ड्राइविंग लाईसेंस
V. केंद्र / राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया फोटो पहचान पत्र
VI. मान्यता प्राप्त स्कूल / कॉलेज द्वारा जारी किए गए फोटोग्राफ के साथ छात्र पहचान पत्र
VII. फोटोग्राफ के साथ राष्ट्रीयकृत बैंक पासबुक

कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र में उपरोक्त पहचान पत्र की स्कैन कॉपी (जेपीजी / जेपीईजी / बीएमपी प्रारूप) अपलोड करने की आवश्यकता है।

K. दस्तावेज़ सत्यापन के समय आधार कार्ड रखने वाले उम्मीदवारों को मूल आधार कार्ड या पहचान के प्रयोजन के लिए उपर्युक्त मूल दस्तावेज़ को पहचान प्रमाणित करने हेतु प्रस्तुत करना होगा ।

L. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में, केंद्र सरकार के निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रतिलिपि भी दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करनी होगी ।

## 5. चयन प्रक्रिया :

मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जाएगा । गैर - आई.टी.आई. और पूर्व - आई.टी.आई. श्रेणी के लिए मेरिट सूची अलग-अलग तैयार की जाएगी ।

गैर - आई.टी.आई. श्रेणी के लिए एस.एस.सी. / माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / X Std) के या समकक्ष, सभी विषयों में कुल प्राप्तांकों के प्रतिशत के आधार पर (चाहे उम्मीदवार किसी भी शैक्षिणिक बोर्ड का हो) प्रत्येक निर्माणी के लिए एक मेरिट सूची अलग से तैयार की जायेगी तथा प्रत्येक निर्माणी में ट्रेडो का आवंटन योग्यताक्रम-सह-चुनाव (merit-cum-choice) के आधार पर किया जाएगा ।

आई.टी.आई. पास श्रेणी के लिए एस.एस.सी. / माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / X Std) और आई.टी.आई. दोनों में कुल प्राप्तांकों (प्रत्येक में न्यूनतम 50%) का औसत प्रतिशत के आधार पर प्रत्येक निर्माणी के लिए प्रत्येक ट्रेड की मेरिट सूची अलग से तैयार की जायेगी । मैट्रिकुलेशन के प्रतिशत की गणना के लिए, सभी विषयों में प्राप्तांको को ध्यान में रखा जाएगा और आई.टी.आई. अंकों के प्रतिशत की गणना के लिए, अनंतिम/अंतिम प्रमाण पत्र में उल्लिखित अंकों को लिया जाएगा।

एस.एस.सी. / माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / Xth Std) (चाहे उम्मीदवार किसी भी शैक्षिणिक बोर्ड का हो) में कुल प्राप्त गुणांको का प्रतिशत सम्बंधित बोर्ड द्वारा निश्चित किये हुए सूत्रों (formula) के आधार पर होगा ।

उपलब्ध रिक्तियों के संख्या के आधार पर अनंतिम चयनसुची तैयार की जायेगी । केवल अनंतिम चयनित उम्मिदवारो को ही दस्तोवेजो के परीक्षण तथा चिकित्सा जांच के लिए बुलाया जायेगा ।

समान अंक वाले दो उम्मीदवारों के मामले में, अधिक आयु वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी । यदि प्राप्तांक एवं जन्म तिथि भी समान है उस स्थिति में जिस उम्मीदवार का एस.एस.सी. / माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / Xth Std) की परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष पहले आता हो उस उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी । यदि मैट्रिक परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष भी समान है, तो एसे

उम्मीदवार जिसके नाम का पहला अक्षर वर्णमाला (English Alphabet) क्रम में पहले आता है उस उम्मीदवार को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

पात्र उम्मीदवारों की चयन सूची को अंतिम रूप देते समय अत्यंत सावधानी बरती जाएगी । किसी भी गलती या त्रुटि के मामले में इन त्रुटियों को किसी भी समय सुधारकर पात्र उम्मीदवारों की सुधारित चयन सूची तैयार करने का अधिकार ओ.एफ.आर.सी. के पास सुरक्षित रहेगा एवं ओ.एफ.आर.सी. / आयुध निर्माणीयों एवं आयुध उपस्कर निर्माणीयों द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा ।

**6. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग और पी.एच. (पी.सी.) के लिए आरक्षण :**

अपरेंटिस अधिनियम 1961 एवं अपरेंटिस नियम 1992 (संशोधन के साथ ) तथा विकलांग अधिनियम, 2016 और मौजूदा सरकारी नियमों के प्रावधानों के अनुसार विभिन्न श्रेणियों को आरक्षण लागू रहेगा । दिव्यांगो के लिए आरक्षित रिक्तिया विज्ञापन में अलग से अधिसूचित नहीं की गयी है जो कि नियमों के प्रावधानों के अनुसार कुल रिक्तियों में ही समाहित है । आरक्षण के नियमो के अधीन रहकर प्रत्येक आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा ।

**7. प्रशिक्षण की अवधि :**

**गैर-आई.टी.आई. और आई.टी.आई. उम्मीदवारों के लिए**: प्रशिक्षण की अवधि अपरेंटिस अधिनियम, 1961 एवं अपरेंटिसशिप नियम 1992 (संशोधन के साथ) में निर्दिष्ट किए हुए कालावधि की रहेगी । हालांकि, आई.टी.आई. पास उम्मीदवारों के लिए, सम्बंधित ट्रेड के प्रशिक्षण की अवधि अपरेंटिस अधिनियम, 1961 की अनुसूची I और अपरेंटिस नियम 1992 (संशोधन के साथ) के प्रावधानो के अनुसार घटाई जाएगी ।

**8. छात्रवृत्ति :**

अप्रेंटिसशिप नियम, 1992 के नियम 11 के उप-नियम (1) के प्रावधानो के अनुसार, ट्रेड अपरेंटिस एक्ट 1961 के अनुसार और भारत के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, जी.एस.आर. 680 (E), पार्ट-II-सेक्शन 37-सब-सेक्शन (i) दिनांक 22 सितंबर, 2014 के प्रावधानो के अंतर्गत प्रशिक्षण के वर्ष के अनुसार ट्रेड अप्रेंटिस को प्रति माह छात्रवृत्ति (Stipend) भुगतान किया जाएगा । वर्तमान छात्रवृत्ति के भुगतान की पात्रता निम्नानुसार है । (गजट अधिसूचना के माध्यम से समय-समय पर संशोधन भी छात्रवृत्ति को विनियमित करेगा)।

| | |
|---|---|
| प्रशिक्षण के प्रथम वर्ष के दौरान | संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश द्वारा अधिसूचित अर्ध-कुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी का 70% |
| प्रशिक्षण के व्दितीय वर्ष के दौरान | संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश द्वारा अधिसूचित अर्ध-कुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी का 80% |
| प्रशिक्षण के तृतीय वर्ष के दौरान | संबंधित राज्य या केंद्रशासित प्रदेश द्वारा अधिसूचित अर्ध-कुशल श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी का 90% |

प्रशिक्षण की सम्पूर्ण अवधि के दौरान अन्य किसी भी प्रकार के भत्तों का भुगतान नहीं किया जाएगा । हालांकि, आई.टी.आई. पास उम्मीदवार को छात्रवृत्ति के भुगतान का निर्धारण करने के लिए उनके द्वारा पहले से ही आई.टी.आई. प्रशिक्षण की अवधि पर भी विचार किया जाएगा।

**9. शारीरिक फिटनेस का मानक :**

अप्रेंटिस अधिनियम 1961, अप्रेंटिसशिप नियम 1992 (संशोधन के साथ) के अनुसार ।

**10. चिकित्सा परीक्षा :**

मेरिट सूची में से अनंतिम रूप (provisional selected) से चयनित उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच (medical Examination) संबंधित आयुध निर्माणी और आयुध उपस्कर निर्माणी द्वारा की जाएगी । चिकित्सा परीक्षा की तिथि, समय और स्थान, आयुध निर्माणी और आयुध उपस्कर निर्माणी द्वारा अलग से सूचित किया जाएगा । जो उम्मीदवार सफलतापूर्वक चिकित्सा परीक्षा पास कर लेते है उनका ही विचार चयन प्रक्रिया के अगले चरण के लिए किया जायेगा ।

**11. नियम और शर्तें :**

चयनित उम्मीदवारों को (यदि चयनित उम्मीदवार नाबालिग है तो उसके अभिभावक द्वारा ) (अप्रेंटिसशिप नियम 1992 और उसमे संशोधन के साथ अधिसुचित) अप्रेंटिसशिप अनुबंध प्रस्तुत करना होगा । प्रशिक्षण के दौरान आयुध निर्माणीयों द्वारा प्रशिक्षुओं को किसी भी प्रकार का सरकारी आवास प्रदान नहीं किया जाएगा । प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षु केवल संबंधित आयुध निर्माणी अस्पताल से नियमानुसार चिकित्सा उपचार के हकदार हैं । यदि किसी उम्मीदवार को निर्दिष्ट ट्रेड के लिए ट्रेड अपरेंटिस के रूप में चुना जाता है तो उसका प्रशिक्षण संबंधित आरडीएटी / आरडीएसडीई (RDAT/RDSDE) द्वारा पंजीकरण के अधीन होगा।

यदि किसी कारणवश आरडीएटी / आरडीएसडीई उम्मीदवार को पंजीकृत करने में असमर्थ हैं, तो उम्मीदवार के प्रशिक्षण को तुरंत समाप्त कर दिया जाएगा । जिस उम्मीदवार ने प्रशिक्षण की अवधि पूरी कर ली है ऐसे प्रशिक्षु की उनके ट्रेड में प्रवीणता को परखने के लिए NCVT द्वारा संबंधित ट्रेड का टेस्ट लिया जायेगा उस टेस्ट में उत्तीर्ण होने के पश्चात प्रशिक्षु को NCVT द्वारा प्रवीणता प्रमाणपत्र प्रदान किए जायेंगे ।

यदि प्रशिक्षु अपनी ओर से प्रशिक्षु अप्रेंटिसशिप अनुबंध के नियमो एवं शर्तो को पुरा करने में असमर्थ है और इस तरह अपरेंटिस के अनुबंध की समयपूर्व समाप्ति करने पर प्रशिक्षु को या उसके जमानतदार (Surety) को प्रशिक्षु सलाहकार (Apprenticeship Adviser) द्वारा निर्धारित जमानत रकम या/और प्रशिक्षु पर हुआ प्रशिक्षण के खर्च की भरपाई करना बंधनकारक रहेगा ।

**12. रोजगार की पेशकश और स्वीकृति :**

प्रशिक्षण पूरा होने के पश्चात किसी भी प्रशिक्षु को किसी भी प्रकार का रोजगार उपलब्ध कराना नियोक्ता पर बंधनकारक नहीं रहेगा और ना ही प्रशिक्षु पर भी यह बंधन रहेगा कि वे नियोक्ता द्वारा रोजगार की पेशकश को स्वीकार करे । उम्मीदवारो को यह सलाह दी जाती है कि वे स्वतः प्रशिक्षु अधिनियम, 1961, प्रशिक्षुता नियम 1992 और (संशोधन के साथ ) तथा Rights of Persons With Disabilities Act, 2016 और मौजूदा सरकारी नियमों के प्रावधानों को पढ़े ओर अच्छी तरह से समझ ले ।

**13. आवेदन शुल्क का भुगतान :**

आवेदन शुल्क आनलाईन आवेदन प्रणाली के अंतर्गत भुगतान गेटवे द्वारा ही आनलाईन करना होगा । हमारी वेबसाईट www.ofb.gov.in में दी गई लिंक के द्वारा आनलाईन आवेदन प्रणाली का पहला भाग पूर्ण भरने के पश्चात भुगतान करने के लिए उम्मीदवार को भुगतान की वेबसाईट पर जाने

का निर्देश प्राप्त होगा । उम्मीदवार Internet Banking/debit card/credit card/ Cash Card/Wallets/UPI, BHIM के द्वारा स्क्रीन पर माँगी गई जानकारी भरकर आवेदन शुल्क का भुगतान कर सकते है । आवेदन शुल्क के भुगतान पर किसी भी प्रकार का ट्रांजेक्शन शुल्क (Transaction Charges) के भुगतान का वहन आवेदक को ही करना होगा । सफलतापूर्वक भुगतान के पश्चात स्क्रीन पर भुगतान के संबंध में ट्रांजेक्शन नंबर एवं अन्य जानकारी उपलब्ध होगी । SC/ST/PWD/FEMALE/TRANSGENDER उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नही है ।

**14. चिकित्सा योग्यता**

प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 और प्रशिक्षुता नियमावली, 1992 (संशोधन के साथ) मे निर्दिष्ट मानको के अनुसार सम्बंधित ट्रेड के प्रशिक्षण के लिये आवश्यक न्युनतम शारीरिक क्षमता का मानक पूरा करता हो और जो आयुध निर्माणी अस्पताल द्वारा प्रमाणित किया हुआ हो ऐसा उम्मीद्वार ही अप्रेंटिस प्रशिक्षण के लिए योग्य रहेगा ।

**15. हेल्पडेस्क**

ऑनलाइन आवेदन करते समय किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उम्मीद्वार पहले FAQ मे जाकर उसका हल प्राप्त कर सकते है और ईस पर भी समस्या हल नही होने पर हमारी वेबसाईड में दी हुई हाईपरलिंक “Helpdesk” पर क्लिक कर सकते है और वहां पर अपने रजीस्ट्रेशन नंबर, ईमैल आई डी को दर्ज करते हुए अपनी समस्या प्रस्तुत कर सकते है। उम्मीदवार टेलीफोन नंबर 1800 120 7699 पर भी सुबह 10:00 बजे से 17:00 बजे तक कॉल कर सकते हैं (रविवार और छुट्टियों सहित) ।

**16. उम्मीद्वारो के लिए सामान्य जानकारी :**

आवेदकों को निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से नोट करने की सलाह दी जाती है:

I. उम्मीदवारों को इस विज्ञापन में दी गई लिंक के माध्यम से ही ऑन-लाइन आवेदन करना होगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन में निर्दिष्ट प्रशिक्षण स्थानों का एव ट्रेड और आयुध निर्माणी का सावधानी पूर्वक चयन करें ।

II. उम्मीद्वार नोट करे कि केवल आवेदन प्रस्तुत करना ही किसी भी आयुध और आयुध उपस्कर निर्माणियों में से किसी भी ट्रेड में प्रशिक्षुता की गारंटी नहीं देता है उसके लिए सम्बंधित नियमो एवं विज्ञापन में दी हुई शर्तो ओर मानको को पूरा करना आवश्यक है क्योकि चयन प्रणाली के सभी स्तर पर आवेदको की उम्मीदवारी अनंतिम ही रहेगी । उपलब्ध रिक्तियों में उम्मीदवारों का चयन निर्माणी-वार तथा आवेदको की श्रेणी-वार (category wise) मेरिट सूची / चयन सूची के आधार पर किया जाएगा। चयन प्रक्रिया के सभी चरणों में सभी आवेदकों की उम्मीदवारी विशुद्ध रूप से अनंतिम होगी। **उम्मीदवारों का चयन, श्रेणीनुसार उपलब्ध रिक्तियों, क्रेडेंशियल/दस्तावेजो की मूल प्रति की जांच व पात्रता, स्पष्ट पुलिस सत्यापन रिपोर्ट तथा चिकित्सा परीक्षण आदि को ध्यान में रखकर निर्माणीनुसार मेरिट स्थिति के आधार पर किया जाएगा। इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा। आवेदको को प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 और प्रशिक्षुता नियमावली, 1992 (संशोधन के साथ) मे निर्दिष्ट मानको ओर शर्तो को भी पूरा करना आवश्यक है ।**

III. उम्मीदवार विज्ञापन मे विनिर्दिष्ट निर्देशो को सावधानीपूर्वक पढे ओर समझ ले । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे शैक्षिक पात्रता, प्राप्त अंकों / प्रतिशत को सावधानीपूर्वक दर्ज करें। आवेदको द्वारा इस विज्ञापन के अनुसार अपने आवेदन प्रस्तुत करना ही अपने आप यह समझा

जायेगा कि, आवेदक विज्ञापन में दी हुई सभी शर्तो से सहमत है I आनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने के पहले आवेदक यह पक्का कर ले कि, चेक लिस्ट में नामित किए हुए दस्तावेज उसके पास में है ओर वह ईस विज्ञापन मे विनिर्दिष्ट निर्देशो को पूरा करता है I

IV. आवेदकों को किसी भी अद्यतन और परिवर्तनों हेतु वेबसाइट www.ofb.gov.in को नियमित रूप से जांचना आवश्यक है।

V. समय समय पर सूचना प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार अपना वैध मोबाईल नम्बर एव ईमेल आई डी दर्ज करे I

VI. किसी भी प्रकार की सिफारिश, अपप्रचार उम्मीद्वारी निरस्त होने का कारण बन सकती है I चयन प्रक्रिया पूरी तरह योग्यता के आधार पर तथा नियमो का कड़ाई से पालन कर की जाएगी । उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं ।

VII. तथ्यों को छुपाना या जाली प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण से उम्मीदवारी निरस्त होने का कारण बनेगा ।

VIII. आवश्यक पात्रता, किसी भी आवेदन की स्वीकृति / अस्वीकृति आदि से संबंधित सभी मामलों में आयुध निर्माणी एवं आयुध उपस्कर निर्माणीयों का निर्णय अंतिम होगा और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

IX. ट्रेड अपरेंटिसो के चयन के मौजूदा नियमों और शर्तों में यदी कोई आगामी बदलाव किये जाते है उस स्थिती में वे बदलाव भी इस चयन प्रक्रिया पर लागू रहेंगे । ट्रेड अपरेंटिसो के चयन से संबंधित किए गए आगामी नियमो को लागू करना/उसमे बदलाव करने के अधिकार आयुध निर्माणी बोर्ड के पास सुरक्षित है ।

X. ट्रेड अपरेंटिस के चयन के संबंध में कोई भी विवाद उन अदालतों / न्यायाधिकरणों के अधिकार क्षेत्र के अधीन होगा जिस शहर के पास/में संबंधित आयुध निर्माणी/ आयुध उपस्कर निर्माणी स्थित है जिसके लिए उम्मीदवार ने आवेदन किया है ।

XI. आकस्मिकता मामले में संपूर्ण चयन प्रक्रिया / चयन प्रक्रिया के किसी भी भाग में वैकल्पित कानूनी माध्यम अपनाने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा ।

XII. दस्तावेज़ सत्यापन / चिकित्सा परीक्षा के लिए बुलाए गए किसी भी उम्मीदवार को कोई परिवहन भत्ता देय नहीं होगा ।

XIII. प्रशिक्षु अधिनियम, 1961 और प्रशिक्षुता नियमावली, 1992 (संशोधन के साथ) के सभी प्रावधान और तिथि के अनुसार उसमे किए गए सभी संशोधन इस चयन प्रक्रिया पर लागू रहेंगे ।

**नोट- I**: अंतिम क्षणो से बचने के लिए, उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करें, ताकि इंटरनेट या वेबसाइट पर भारी भार के कारण संभावित अक्षमता / विफलता से बचा जा सके या अंतिम दिनों के दौरान इंटरनेट की अनुपलब्धता हो।

**नोट- II**: उपर्युक्त कारण या अन्य किसी भी कारणो से उम्मीदवार अपने आवेदन अंतिम तिथि के पहले प्रस्तुत करने में असमर्थ रहते है उस स्थिति में ओएफबी / ओएफआरसी जिम्मेदार नही रहेगा ।

**17. आवेदन की अस्वीकृति:**

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले सभी निर्देशों को ध्यानपूर्वक और अच्छी तरह से पढ़ ले । उनके आवेदन निम्नलिखित में से एक या अधिक कारणों से अस्वीकार किए जा सकते है । उम्मीदवार के आवेदन या उम्मीदवारी निम्नलिखित कारणों में से किसी के लिए भी अस्वीकार किए जा सकते है :-

I. अपूर्ण आवेदन, अस्पष्ट या अवैध दस्तावेजो की प्रस्तुति करने पर ।

II. आयुध निर्माणी/ आयुध उपस्कर निर्माणी में संबंधित ट्रेड अपरेंटिस प्रशिक्षण के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता इस अधिसूचना की तिथि को आवेदक के पास नही है उस स्थिति मे ।

III. अधिसुचना में विनिर्दिष्टित आयु से अधिक या कम आयु वाले या गलत जन्मतिथि अथवा जन्मतिथि नही भरा हुआ आवेदन ।

IV. दो या अधिक आवेदन करने पर । आई.टी.आई. और गैर आई.टी.आई. दोनों श्रेणियों के रिक्तियो के लिए आवेदन करने पर ।

V. केवल एक ही आवेदन पर विचार किया जाएगा । ऐसे आवेदको के आवेदन बिना किसी सूचना के खारिज कर दिये जाएंगे जिन्होंने एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए है ।

VI. अस्पष्ट फ़ोटो, कैप के साथ फोटो, चश्मा पहने हुए, विकृत या अस्पष्ट या अनभिज्ञेय फ़ोटो, अस्पष्ट हस्ताक्षर/बाएं हाथ के अंगुठे की छाप के साथ आवेदन ।

VII. आवेदक का नाम बहिष्कृत सूची में होना।

VIII. अन्य कोई अनियमितताओ, जो ओएफबी / ओएफआरसी द्वारा आवेदक की उम्मीदवारी को अवैध कर सकती है।

IX. ऑनलाइन आवेदन पत्र में नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, 10 वीं प्रमाण पत्र / आई.टी.आई. प्रमाण पत्र के साथ मिलान नहीं होने पर ।

X. आवेदित ट्रेड और आई.टी.आई. ट्रेड सर्टिफिकेट के बीच अप्रासंगिकता, यानी अधिसूचना में दर्शाए अनुसार विभिन्न ट्रेडों के लिए निर्धारित शैक्षिक / तकनीकी (आई.टी.आई.) योग्यता के बिना किए गए आवेदन ।

18. **महत्वपुर्ण** :-

आनलाईन आवेदन करते समय, आवेदक निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड करने के लिए अपने पास तैयार रखे और उचित स्थान पर अपलोड करे :-

i. हाल ही में (तीन महीने के भीतर) खिचवाया हुआ 3.5 सेमी x 3.5 सेमी आकार का स्पष्ट रंगीन फोटोग्राफ की सॉफ्ट कॉपी जो JPG / JPEG प्रारूप, 100 DPI, फ़ाइल का आकार 20kb से 70kb के बीच ) ।

ii. उम्मीदवार के सफेद कागज पर काले या नीले स्याही से स्पष्ट स्कैन किए गए हस्ताक्षर, (आकार : 3.5 सेमी x 3.5 सेमी, JPG / JPEG /BMP प्रारूप, 100 DPI, फ़ाइल का आकार 20kb - 30kb के बीच) ।

iii. सफेद कागज पर नीले स्याही से किए हुए उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगुठे के स्कैन किए गए स्पष्ट निशान (आकार : 3.5 सेमी x 3.5 सेमी, JPG / JPEG प्रारूप, 100 DPI, फ़ाइल का आकार 20kb - 30kb के बीच)।

iv. 12 अंकों का आधार कार्ड संख्या । जिन उम्मीदवारों के पास आधार संख्या नहीं है और उन्होंने आधार के लिए आवेदन किया है, परंतु उन्हे आधार कार्ड प्राप्त नही हुआ है, वे आधार नामांकन पर्ची पर मुद्रित पहले 14 अंकों को अंकित कर सकते है ।

v. निम्नलिखित मूल दस्तावेजों की स्कैन की गई स्पष्ट प्रति,PDF या JPG /JPEG प्रारूप में (आकार: 100kb से 200kb):

(a) आधार की अनुपस्थिति में पहचान पत्र की स्कैन की गई कॉपी |

(b) एस.एस.सी. / माध्यमिक परीक्षा (Matriculation / Xth Std) या इसके समकक्ष की मार्कशीट |

(c) जन्मतिथि को प्रमाणित करता हुआ प्रमाण पत्र (एस.एस.सी. / माध्यमिक परिक्षा Matriculation / Xth Std इसके समकक्ष प्रमाण पत्र या मार्कशीट, जिसमें जन्मतिथि या स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र हो, जो जन्म तिथि दर्शाता हो) |

(d) आवेदित ट्रेड की आई.टी.आई. पास की हुई सभी सेमेस्टर के अंको को दर्शाती हुई समेकित मार्कशीट / सभी सेमेस्टर के अंको को दर्शाता हुआ अनंतिम/अंतिम राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र।

(e) आई.टी.आई. पास उम्मीदवारो के लिए NCVT का राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र या NCVT / SCVT द्वारा जारी किया गया अनंतिम राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र ।

(f) एस.सी./एस.टी./ओ.बी.सी. उम्मीदवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र, जहां भी लागू हो।
ओ.बी.सी. गैर-क्रीमी लेयर उम्मीदवारो के लिए पिछले तीन वर्षों में जारी किया गया गैर-क्रीमी लेयर प्रमाण पत्र ।

(g) विकलांग उम्मीदवारो के लिए सक्षम मेडिकल बोर्ड / प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र ।

**कृपया नोट करें : इस विज्ञापन के हिंदी संस्करण में, किसी भी प्रकार के संदेहास्पद स्थिति में एवं न्यायिक प्रक्रिया के संबंध में इस विज्ञापन का अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा ।**

| Sl No | State | Name Of Factory | Trade | UR | OBC | SC | ST | Total | Physically Handicapped | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | OH | HH | VH |
| 1 | Chandigarh | Ordnance Cable Factory, Chandigarh | NON-ITI MACHINIST | 6 | 3 | 1 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI MACHINIST | 5 | 3 | 2 | 0 | 10 | 0 | 1 | 0 |
| | | | EX-ITI FITTER | 3 | 2 | 1 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI TURNER | 3 | 1 | 1 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI WELDER(GAS AND ELECTRIC) | 2 | 1 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI PAINTER(G) | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI CARPENTER | 2 | 1 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI ELECTRICIAN | 3 | 2 | 1 | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| | | | Total | 26 | 13 | 7 | 0 | 46 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | Madhya Pradesh | Gun Carriage Factory Jabalpur | NON-ITI FITTER | 18 | 5 | 5 | 7 | 35 | 1 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI TURNER | 9 | 3 | 2 | 4 | 18 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI MACHINIST | 33 | 10 | 9 | 13 | 65 | 3 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI MECHANIC MACHINE TOOL MAINTENANCE | 8 | 2 | 2 | 3 | 15 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI ELECTRICIAN | 8 | 2 | 3 | 3 | 16 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI WELDER(GAS AND ELECTRIC) | 11 | 3 | 3 | 4 | 21 | 1 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI PAINTER(G) | 1 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI ELECTROPLATER | 2 | 1 | 0 | 1 | 4 | 0 | 0 | 0 |
| | | | Total | 90 | 26 | 24 | 36 | 176 | 5 | 0 | 0 |
| 3 | Madhya Pradesh | Grey Iron Foundry Jabalpur | NON-ITI ELECTRICIAN | 2 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | | NON-ITI MACHINIST | 4 | 0 | 0 | 1 | 5 | 0 | 0 | 1 |
| | | | NON-ITI WELDER(GAS AND ELECTRIC) | 4 | 0 | 0 | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 |
| | | | NON-ITI TURNER | 0 | 1 | 1 | 1 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | | NON-ITI MECHANIC MACHINE TOOL MAINTENANCE | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | | NON-ITI FOUNDRYMAN | 2 | 1 | 1 | 2 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| | | | NON-ITI FITTER | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI ELECTRICIAN | 1 | 1 | 1 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| | | | EX-ITI MACHINIST | 2 | 1 | 1 | 1 | 5 | 0 | 0 | 0 |
